**भारत सरकार**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**

**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2564**

**मंगलवार, 16 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**पेटेंट कार्यालयों में लंबित आवेदन**

**2564. श्रीमती महुआ मोइत्राः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पेटेंट संबंधी कितने आवेदन अनुमोदन के लिए लंबित पड़े हुए हैं और लंबित रहने की औसत अवधि और प्रक्रिया का चरण-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पेटेंट संबंधी आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने में लगने वाले औसत समय का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पेटेंट परीक्षकों और नियंत्रकों के स्वीकृत पदों, भरे गए पदों और रिक्त पदों की संख्या कितनी है; और

(घ) क्या इस हेतु संविदा के आधार पर किसी कर्मचारी की भर्ती की गई है और यदि हां, तो 2014 से अब तक तत्संबंधी वर्ष-वार और पद-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क):** देश में पेटेंट ईकोसिस्टम को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों जैसे स्टार्टअप्स, छोटी कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए शुल्क में कमी, पेटेंट आवेदनों की त्वरित जांच की सुविधा प्रदान करने, स्टार्टअप्स बौद्धिक संपदा संरक्षण (एसआईपीपी) स्कीम के तहत भारतीय स्टार्टअप्स को पेटेंट, ट्रेडमार्क और डिजाइन आवेदनों को दायर करने और उन्हें प्रोसेस करने की नि:शुल्क सहायता प्रदान करने के कारण पिछले 5 वर्षों में दायर किए जा रहे पेटेंट आवेदनों की संख्या प्रतिवर्ष लगभग दोगुनी हो गई है। नवंबर, 2025 तक की स्थिति के अनुसार, प्रोसेसिंग के विभिन्न चरणों में लंबित आवेदनों की संख्या निम्नानुसार है:

| क्रम. सं. | कार्रवाई | चरण | लंबित कार्रवाई के बिंदु | आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| (क) | जांच हेतु लंबित आवेदन | आगे की प्रक्रिया सक्षम शुरू करने के लिए जांच हेतु अनुरोध दाखिल किए जाने के लिए प्रतीक्षित आवेदन | आवेदक | 2,50,384 |
| | | जांच हेतु आवेदन दायर किए गए लेकिन उनका सांविधिक प्रकाशन प्रतीक्षित है | 18 महीने बाद प्रकाशन सहित सांविधिक अपेक्षाएं | 17,946 |
| | | कार्यालय द्वारा प्रथम जांच रिपोर्ट (एफईआर) जारी किए जाने की प्रतीक्षा वाले आवेदन | पेटेंट कार्यालय | 1,58,618 |
| | | उप-योग | | 4,26,948 |
| (ख) | पुनः जांच और/या निपटान के लिए लंबित आवेदन | ऐसे आवेदन जिनके लिए प्रथम जांच रिपोर्ट (एफईआर) के लिए आवेदक का उत्तर लंबित है | आवेदक | 19,147 |
| | | पुन: जांच और/या कार्यालय द्वारा निपटान के लिए लंबित आवेदन | पेटेंट कार्यालय | 29,719 |
| | | उप-योग | | 48,866 |
| (ग) | कुल (क) +(ख) | | | 4,75,814 |

(ii) वर्ष 2025 (नवंबर 2025 तक) में जांच के लिए दायर किए गए आवेदन पर कार्यवाही के विभिन्न चरणों में लगने वाले औसत समय (पेंडेंसी टाइम) को दर्शाने वाली तालिका:

| क्रम सं. | चरण | जांच के आवेदन का प्रकार | लिया गया औसत समय (माह में) |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम जांच | शीघ्र जांच | 5.7 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | रिपोर्ट | सामान्य जांच | 24.7 |
| 2. | अंतिम निर्णय | शीघ्र जांच | 14.7 |
| | | सामान्य जांच | 38.9 |

**(ख):** निम्नलिखित तालिका में, वर्ष 2025 में (नवंबर तक) आवेदन करने (जांच के लिए अनुरोध दाखिल करने) से लेकर पेटेंट प्रदान करने में क्षेत्र-वार लगने वाला औसत समय सूचीबद्ध है:

| **क्रम सं.** | **तकनीकी क्षेत्र*** | **लगने वाला औसत समय (माह में)** | |
|---|---|---|---|
| | | **शीघ्र जांच** | **सामान्य जांच** |
| 1 | जैवरसायन | 13.0 | 57.3 |
| 2 | जैवचिकित्सा | 18.7 | 38.9 |
| 3 | जैवप्रौद्योगिकी | 17.2 | 70.6 |
| 4 | रसायन विज्ञान | 11.1 | 33.2 |
| 5 | सिविल | 32.3 | 55.5 |
| 6 | संचार | 12.3 | 36.6 |
| 7 | कंप्यूटर | 16.0 | 47.7 |
| 8 | इलेक्ट्रिकल | 13.8 | 36.8 |
| 9 | इलेक्ट्रोनिक्स | 13.3 | 41.2 |
| 10 | फूड | 17.2 | 75.3 |
| 11 | यांत्रिक | 18.7 | 46.0 |
| 12 | धातुकर्म | 10.1 | 39.6 |
| 13 | भौतिक विज्ञान | 14.9 | 46.0 |
| 14 | पॉलीमर | 11.0 | 33.7 |
| 15 | वस्त्र | 20.9 | 45.7 |

*यह कार्यालय पेटेंट आवेदनों के क्षेत्रवार आंकड़े नहीं रखता है। हालांकि, जांच के

उद्देश्य से पेटेंट आवेदनों को 15 तकनीकी क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है। चूंकि बहुविषयक प्रकृति के कारण आवेदनों का एक बड़ा हिस्सा कई तकनीकी क्षेत्रों से संबंधित हो सकता है, इसलिए प्रत्येक आवेदन को जांच के लिए केवल एक तकनीकी क्षेत्र सौंपा जाता है।

**(ग):** निम्नलिखित तालिका में नवंबर 2025 तक पेटेंट कार्यालय में पदों (स्वीकृत, भरे हुए और रिक्त) का विवरण सूचीबद्ध किया गया है:

| **क्रम. सं.** | **पद का नाम** | **स्वीकृत पद** | **भरे हुए पद** | **रिक्त पद** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ संयुक्त नियंत्रक, पेटेंट और डिजाइन | 3 | 2 | 1 |
| 2. | संयुक्त नियंत्रक, पेटेंट और डिजाइन | 47 | 40 | 7 |
| 3. | उप नियंत्रक, पेटेंट और डिजाइन | 112 | 72 | 40 |
| 4. | सहायक नियंत्रक, पेटेंट और डिजाइन | 498 | 492 | 06 |
| 5. | परीक्षक, पेटेंट और डिजाइन | 773 | 677 | 96 |
| कुल | | 1433 | 1283 | 150 |

**(घ):** जी नहीं, वर्ष 2014 से कोई पेटेंट परीक्षक और नियंत्रक संविदा के आधार पर भर्ती नहीं किए गए हैं।

*****